# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 5905/ कार्य-9 /189 दिनांक 7-9-26

सेवा मे,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ''कमालगंज विकासखण्ड के गाँव खुदागंज में ग्रामीणों को पेयजल समस्या, अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान नही'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **''कमालगंज विकासखण्ड के गाँव खुदागंज में ग्रामीणों को पेयजल समस्या, अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान नही''** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज में वर्तमान में उच्चजलाशय, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 7686 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 2389 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित 931 नग गृहसंयोजनों के सापेक्ष 650 नग गृहसंयोजनो का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में सड़क निर्माण करने हेतु पी0डबलू0डी0 विभाग द्वारा वितरण प्रणाली की मेन लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस कारण से ग्राम मे पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसे मरम्मत करने एवं पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू करने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि उक्त ग्राम में अवशेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करायें । जिससे ग्रामवासियों को पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

**आख्या सादर प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

भवदीय,

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 8

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- ceupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 5905/ कार्य 9 /189 दिनांक 7-9-26

सेवा मे,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कमालगंज विकासखण्ड के गाँव खुदागंज में ग्रामीणों को पेयजल समस्या, अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान नही" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"कमालगंज विकासखण्ड के गाँव खुदागंज में ग्रामीणों को पेयजल समस्या, अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान नही"** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज में वर्तमान में उच्चजलाशय, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 7686 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 2389 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित 931 नग गृहसंयोजनों के सापेक्ष 650 नग गृहसंयोजनो का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में सड़क निर्माण करने हेतु पी0डबलू0डी0 विभाग द्वारा वितरण प्रणाली की मेन लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस कारण से ग्राम मे पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसे मरम्मत करने एवं पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू करने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि उक्त ग्राम में अवशेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करायें । जिससे ग्रामवासियों को पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

**आख्या सादर प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d letter EE 8

Scanned with OKEN Scanner

# खुदागंज में जलजीवन मिशन अधूरा, आधे गांव को पानी नहीं: कमालगंज विकास खण्ड के गांव खुदागंज में ग्रामीणों को पेयजल समस्या, अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

आयुष | खुदागंज(सदर), फर्रुखाबाद
25 दिन पहले



कमालगंज के खुदागंज गांव में जल जीवन मिशन योजना का कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पाइपलाइन बिछाने और घरों तक पानी पहुंचाने का काम पूरा नहीं किया गया है। ठेकेदार द्वारा काम बीच में ही छोड़ दिए जाने के कारण गांव के केवल कुछ हिस्सों में ही पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि आधे गांव के लोग अभी भी पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन और पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन कई स्थानों परपाइपलाइनका काम अधूरा पड़ा है।कहीं पाइपलाइन बिछाई गई है तो उसे मुख्य लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इसी वजह से गांव के एक हिस्से में पानी पहुंच रहा है, जबकि दूसरे हिस्से में नलों से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीण प्रदीप, सुमित रामनरेश लालाराम और विनोद सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधान शशिलता से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना होने के बावजूद अधूरे काम के कारण इसका लाभ सभी ग्रामीणों को नहीं मिलपा रहा है। ग्रामप्रधान शशिलता ने बताया कि जल जीवन मिशन का कार्य संबंधित विभाग और कार्यदायी संस्था द्वारा करायागया है। उन्होंने अधिकारियों को गांव में काम अधूरा होने की जानकारी दी है और कहा कि विभागीय अधिकारियों से बात कर अधूराकार्य पूराकराने का प्रयासकिया जारहा है गांव के सभी घरों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके जल जीवन मिशन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि खुदागंज गांव में योजना के कार्य की जांच कराई जाएगी। जहां पाइपलाइन या अन्य कार्य अधूरा है, उसे पूरा कराने के लिए संबंधित ठेकेदार और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए जाएंगे। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों को योजना का पूरालाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर अधूरा कार्य जल्द पूरा कराने और गांव के सभी हिस्सों में नियमित पेयजलआपूर्ति शुरूकराने की मांगकी है।

Scanned with OKEN Scanner